Fake Currency : घर में छाप रहा था नकली नोट, पहुंच गई पुलिस की टीम- फिर जो हुआ...

जागरण संवाददाता, अलीगढ़। पुलिस ने सोनीपता (हरियाणा) के कुंडली थाना क्षेत्र के संजीत को जाली नोट बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से जाली नोट छापने की सामग्री के अलावा छपे हुए 100 रुपये के 11 और 500 रुपये के 103 जाली नोट बरामद किए हैं।

क्वार्सी पुलिस ने आरोपित को इकरा पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। उत्तरी दिल्ली के थाना मोरिस नगर, गौतम बुद्ध नगर के साइबर क्राइम थाने में धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में लगी हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपित का नेटवर्क दिल्ली एनसीआर में हैं, जो जाली नोट छापने का काम करता है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/aligarh-city-fake-currency-fake-currency-was-being-printed-at-home-police-team-arrived-what-happened-next-23744948.html